डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

हिंदी दिवस पर साहित्य अकादेमी द्वारा हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी एवं हिंदी सप्ताह का आयोजन

नई दिल्ली। 13 सितंबर 2021 साहित्य अकादेमी 14 सितंबर (हिंदी दिवस) से हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्धघाटन प्रख्यात लेखक एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य ज्ञानेश्वर मुले 14 सितंबर को पूर्वाहन 11बजे करेंगे। इस प्रदर्शनी में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं से हिंदी में अनूदित पुस्तकों को प्रदर्शित किया जाएगा। साहित्य अकादेमी, रविंद्र भवन के प्रथम तल पर आयोजित इस प्रदर्शनी के दौरान प्रख्यात हिंदी लेखकों पर वृत्तचित्रों का प्रदर्शन भी सायं 4 बजे किया जाएगा। जिन लेखकों पर वृत्तचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे उनके नाम हैं – भीष्म साहनी, धर्मवीर भारती एवं यशपाल। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक खुली रहेंगी। हिंदी सप्ताह के कार्यकम भी 14 सितंबर से 21 सितंबर तक चलेंगे। हिंदी सप्ताह का उदघाटन प्रख्यात लेखक शरद दत्त करेंगे और समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राजभाषा निदेशक आर रमेश आर्य होंगे। इस बीच साहित्य अकादेमी के कर्मचारी विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन,श्रुत लेखन, यूनिकोड टंकण एवं अनुवाद आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in